an>

Title: Need to construct Ram Temple at Ayodhya, Uttar Pradesh.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) ः अभी-अभी 6 दिसम्बर बीता है। उसे हम भगवा दिन और शौर्य दिवस के रूप में मनाते हैं। मुझे आशा थी कि सरकार की ओर से कुछ पहल अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए अवश्य की जाएगी। परंतु दुःख है कि अब तक ऐसा नहीं किया जा सका है। आज मैं इसी महत्वपूर्ण विषय को सरकार के समक्ष उठाना चाहता हूँ ताकि भारतीय जनमानस की धार्मिक भावनाओं से भी जुड़े प्रश्न पर सरकार तुरंत फैसला ले। इतिहास साक्षी है कि भगवान श्री रामलला का जन्म राम जन्म भूमि अयोध्या में हुआ था। आज पुनः मेरी सरकार से मांग है कि जल्द से जल्द राम जन्म भूमि में भगवान रामलला के मंदिर का निर्माण कराना चाहिए। वर्तमान लोकसभा चुनाव में पहले बी.जे.पी. ने अपने घोषणा-पत्र के माध्यम से वायदा किया था कि रामलला का मंदिर का निर्माण राम जन्म भूमि में कराएगी। हम सभी माननीय प्रधानमंत्री जी के विकास के कार्यों और भ्रष्टाचार रोकने के कदमों का समर्थन करते हैं। परन्तु हिन्दू जनमानस और धार्मिक आस्था का ख्याल रखते हुए मंदिर का निर्माण तुरंत शुरू होना चाहिए। पूर्ण बहुमत से सत्ता में आने के बाद अयोध्या में राम मंदिर निर्माण कराने की ओर सरकार अवश्य पहल करे। मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से यह निवेदन करना चाहता हूँ कि कोर्ट में इस समस्या का जल्दी हल निकले इसके लिए उच्चतम न्यायालय की एक स्पेशल बेंच की स्थापना की जाए जिससे इस विवाद पर तेजी से ट्रायल हो सके और इसका फैसला 60 दिनों के अंदर देना तय करें। राम मंदिर बनने के बाद पूरे देश में सौहार्द का माहौल रहेगा। इसलिए इस समस्या का जल्द हल निकालें एवं राम जन्म भूमि, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण तुरंत शुरू करें।